Publication Name: Dainik Tribune

Publication Date: 11/12/2025

Edition: Delhi

Page No: 2

CCM: 166.97

6.81 Lakh PACS Farmers to Have ₹2,266 Crore Interest Waived: OTS Scheme - Pay Principal and Get Full Interest Waived, Valid Till March 31

6.81 लाख पैक्स किसानों का 2,266 करोड़ का ब्याज होगा माफ

ओटीएस योजना : मूल राशि जमा करते ही पूरा ब्याज होगा शून्य, 31 मार्च तक लागू

चंडीगढ़, 10 दिसंबर (ट्रिन्यू)

हरियाणा सरकार ने पैक्स से जुड़े किसानों और गरीब मजदूरों को आर्थिक राहत देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य में एकमुश्त निपटान (ओटीएस) योजना की घोषणा की, जिसके तहत बकाया ऋणों पर जमा हुआ पूरा ब्याज माफ कर दिया जाएगा। यह योजना 31 मार्च, 2026 तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा भी उनके साथ मौजूद रहे।

चंडीगढ़ में प्रेसवार्ता में सीएम सैनी ने बताया कि राज्य के 6.81 लाख किसानों और मजदूरों को इस योजना से 2266 करोड़ रुपये की ब्याज माफी का लाभ मिलेगा। यह राहत उन सभी ऋणकर्ताओं पर लागू होगी जिनके फसली, काश्तकार या दुकानदारी संबंधी ऋण 30 सितंबर, 2024 तक अतिदेय हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि किसान अपनी मूलधन राशि समिति के खाते में जमा कर देते हैं, तो उस पर लगाया गया पूरा ब्याज पूरी तरह माफ हो जाएगा। उनका उद्देश्य किसानों को वित्तीय रूप से मजबूत बनाकर खेती-किसानी को निरंतर जारी रखना है। इस मौके पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की एसीएस डॉ. सुमिता मिश्रा, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के एसीएस एके सिंह, सीएम के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, सहकारिता विभाग के एसीएस विजेंद्र कुमार, कृषि विभाग के निदेशक राजनारायण कौशिक, अमित खत्री, यशपाल, पार्थ गुप्ता, वर्षा खांगवाल व सीएम के मीडिया सचिव प्रवीण अत्रे तथा कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मृत किसानों के परिवार भी होंगे लाभान्वित

योजना की विशेषता है कि करीब 2.25 लाख मृत किसानों के परिवारों को भी इसका लाभ मिलेगा। यदि उनके वारिस मूलधन जमा कराते हैं, तो उन्हें 900 करोड़ की ब्याज माफी मिलेगी। यह कदम आर्थिक तंगी में पड़े परिवारों के लिए बड़ी राहत है।

अगली फसल के लिए मिलेगा ऋण

सीएम ने यह भी बताया कि मूलधन जमा करने के एक महीने बाद किसान अगली फसल के लिए नया ऋण तीन किस्तों में ले सकेंगे, जिससे खेती में किसी प्रकार की रुकावट न आए।